हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 25 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री


9 यातायात पुलिस ने किया स्कूली बसों का आकस्मिक निरीक्षण





10 उपराष्ट्रपति पर अभद्र टिप्पणी से भड़के भाजपाई




### समितियों में आया आदेश, पहले धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा मौका

# 20 नहीं, अब प्रति एकड़ होगी 21 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी होगी। इसके साथ ही जिले में धान खरीदी की कुल मात्रा भी बढ़ गई है। पहले 55 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था, अब करीब 3 लाख क्विंटल अतिरिक्त धान की खरीदी होगी। उधर किसान 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य की बाट जोह रहे हैं।

भाजपा की नई सरकार ने काम काज सम्हालने के बाद अब घोषणाओं पर अमल करना शुरू कर दिया है। किसानों के हक में निर्णय करते हुए 20 क्विंटल की जगह प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए आदेश जारी किया गया है। यह आदेश सभी धान खरीदी केंद्रों में पहुंच गया है। अब इसी लिमिट के आधार पर किसानों से धान खरीदा जाएगा। खरीदी की इस मात्रा के हिसाब से धान खरीदी केंद्रों की लिमिट भी बढ़ाई गई है। जो किसान पहले धान बेच चुके हैं उनको भी प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान बेचने का अवसर दिया जाएगा। उनके लिए अतिरिक्त टोकन जारी किया जाएगा। वर्ष 2015 और 2016 के बोनस को देने के लिए आदेश जारी हो चुका है। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन किसानों के खाते में बकाया बोनस की राशि डाली जाएगी। इन दोनों घोषणाओं के बाद किसानों को सबसे बड़ी घोषणा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य के पूरा होने का इंतजार है। इस घोषणा के पूरी होने के बाद किसानों को प्रति एकड़ करीब 19000 हजार रुपए अतिरिक्त मिलेगा।



### अभी से धान की अफरा-तफरी की स्थिति

कई किसान ऐसे हैं, जो अधिया-कट्टों में खेत देते हैं। इसमें खेत मालिक को 9-10 क्विंटल ही धान मिलता है। बाकी धान खेतों में धान उपजाने वाले किसान रखते हैं। समितियों में धान बेचने के लिए खेत मालिक का पंजीयन होता है। ऐसे में अब खेत मालिकों के पास प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट का आधा धान भी उपलब्ध नहीं है। अपनी लिमिट पूररी करने के लिए खेत मालिक मार्केट में धान खोज रहे हैं। उधर मंडी में भी धान की कीमत 2200 रुपए तक पहुंच गई है, जिसके चलते मार्केट में धान मिलना मुश्किल हो रहा है। जानकारों के अनुसार मंडी में इस माह के बाद धान के मूल्य में और उछाल आने की उम्मीद है।

### खरीदी का लक्ष्य बढ़ेगा

प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट बढ़ने के साथ जिले में खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ेगा। पिछले साल प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान की खरीदी हो रही थी। तब जिले में 45 लाख क्विंटल धान की खरीदी गई। अब तक प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी हो रही थी, इस हिसाब से 55 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जानी है। ऐसे में जिले में धान खरीदी के लक्ष्य में करीब 3 लाख क्विंटल का इजाफा होने का अनुमान है।

# पांच साल की उपेक्षा के बाद अब संवरने लगे अटल चौक

- सुशासन दिवस से पहले जिले के सभी अटल चौक के रंग-रोगन, मरम्मत के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनते ही अटल चौक का कायाकल्प शुरू हो गया है। जिन गांवों में अटल स्तंभ जर्जर हो गए हैं, वहां नए बनाए जा रहे हैं। वहीं अधिकांश गांवों में अटल स्तंभ का रंग-रोगन कर उसे सजाया जा रहा है। चौक के आसपास सफाई भी की जा रही है।

छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सम्मान देने के लिए पूरे राज्य के गांवों में अटल चौक का निर्माण किया गया है। ये अटल चौक वर्ष 2004-2005 के बीच भाजपा के शासनकाल में बने थे। जब तक भाजपा सरकार रही, अटल चौक का रख-रखाव संतोषप्रद था। पिछले पांच साल प्रदेश में कांग्रेस का शासन रहा। इस दौरान नरवा-गरवा-घुरवा, बाड़ी की फ्लैगशिप योजना में ही पूरी ताकत झोंक दी गई थी। अटल चौक का रख-रखाव सहित कई योजनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। रख-रखाव के अभाव में ये अटल चौक बदहाल हो गए हैं। अब फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है। इन चौकों को एक बार फिर सजाने की कवायद शुरू हो गई है।



### जिले में 300 अटल स्तंभ

उल्लेखनीय है कि जिले में 300 से ज्यादा गांवों में अटल स्तंभ का निर्माण किया गया है। जहां पर ये स्तंभ बने हुए हैं, उस स्थान को अटल स्तंभ नाम दिया गया है। पंचायत विभाग ने सभी जनपद पंचायतों को इन अटल चौक का कायाकल्प करने के लिए निर्देश जारी किया है। ग्राम पंचायतों में भी मूलभूत की राशि से अटल चौक की मरम्मत और निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है।

### अटल जयंती से पहले तैयार होंगे चौक

भाजपा सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस दिन कई योजनाओं को लेकर घोषणा होने की उम्मीद भी है। सुशासन दिवस से पहले अटल चौक को सजाने के निर्देश हैं। 25 दिसंबर से पहले सभी पंचायतों के सचिव इसकी फोटो सहित रिपोर्ट जनपद पंचायत को देंगे।

## खबर संक्षेप

### हंचलपुर में मड़ई मेला आज


**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम हंचलपुर में गुरु घासीदास जयंती पर मड़ई मेला का आयोजन 22 दिसंबर शुक्रवार को किया गया है। सतनाम समाज द्वारा 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 बजे केंद्री अभनपुर का पंथी नृत्य होगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर देश के माटी सोना ग्राम बुडेरा खरोरा रायपुर का छत्तीसगढ़ नाचा होगा। आयोजन को गति प्रदान करने में रोहित दिवाकर, हेमलाल दिवाकर, गौतम बंजारे, मानिक लहरिया, बिसाहू चंदेल, कुंजलाल माथुर जुटे हुए हैं।

### लोहारपथरा चरोटा में मड़ई मेला 24 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्रामवासियों एवं सतनाम समाज द्वारा ग्राम लोहारपथरा चरोटा में 24 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता रखी गई है। सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रि में अजय माला लोक नाच पार्टी ग्राम भरींटोला कासवाही का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में दुलेश्वर साहू ग्रामीण अध्यक्ष, सोनित बंजारे सतनाम समाज अध्यक्ष, नंदकुमार यादव ग्रामीण पटेल, ईश्वर ध्रुव राम, नारायण, संतराम ध्रुव, चुन्नीलाल सोनवानी, ईश्वर बंजारे जुटे हुए हैं।

### अंवरी में मड़ई मेला 27 को

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी 25 एवं 26 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता रखी गई है। 27 दिसम्बर को जयंती मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सोन के मुंदरी लोककला मंच का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सूर्या गायकवाड़, विरेंद्र गायकवाड़ ने दी है।



### छाती में गायत्री महायज्ञ 28 से

**पुरी।** गायत्री परिवार प्रज्ञा महिला मण्डल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम छाती में 4 दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 28 से 31 दिसंबर तक किया गया है।

### सरबदा में मड़ई 7 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सरबदा में 7 जनवरी रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा सोन के मुंदरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच चैतन्य गिरी गोस्वामी, अध्यक्ष पूनमचंद साहू, मोहनलाल, मेवालाल, बानू सेन, शेखू राम, दिनेश, भगवती, रामसुंदर, पारस यादव, टीकू यादव सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### रामपुर में लोककला महोत्सव 6 से

**कोर्रा(भखारा)।** भारती जस झांकी मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम रामपुर में 6 एवं 7 जनवरी को लोक कला महोत्सव रखा गया है। इसमें जय छत्तीसगढ़ फाग मंडली बगदेही, आदर्श भाग मंडली पड़कीभाठ, जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली आमदी, पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव, जय सादोहर रावत बाबा नरसिंह नाथ जस झांकी परिवार अंडा, जय मां शीतला पुराण जस झांकी परिवार बेरला, भारत दर्शन जस झांकी परिवार बेमेतरा, जय मां संतोषी जस झांकी परिवार बालोद, ज्योति विद्या जस झांकी परिवार गरियाबंद, झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी, कोरबा कुबरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बालोद की प्रस्तुति होगी। मंडलियों के लिए विशेष पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी भारती जस झांकी मंडली रामपुर के अध्यक्ष टोडर राम साहू ने दी है।

# आटोरिक्शा वालों की दादागिरी से ई-रिक्शा चालकों में आक्रोश

- बड़ी संख्या में ई-रिक्शा लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे चालकों ने किया जमकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आटोरिक्शा तथा ई-रिक्शा वालों के बीच विवाद पनपने लगा है। आटोरिक्शा चालकों की दादागिरी से ई-रिक्शा वालों में आक्रोश है। गुरूवार को ई-रिक्शा चालक संगठन ने 100 से अधिक ई-रिक्शा के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। कलेक्टर, एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई करने की मांग रखी है।

ई-रिक्शा चालक संगठन के अध्यक्ष भोला खापर्डे, उपाध्यक्ष राजेश यादव, सचिव सौरभ नामदेव, कोषाध्यक्ष देवेंद्र पंझारे, सहसचिव संदीप तिवारी सहित सदस्यों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शहर में लगभग 600 ई-रिक्शा चलता है। सभी ई-रिक्शे वाले शहर सहित आसपास के गांवों से आते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से सवारी लाने ले जाने का काम करते हैं। शहर में डीजल, पेट्रोल से चलने वाली आटो गाड़ियां हैं। आटो वाहन चालकों द्वारा ई-रिक्शा वालों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्हें बस स्टैंड में पार्किंग तो दूर प्रवेश करने नहीं दिया जाता है। बस स्टैंड के पास सवारी बिठाने पर सवारी को जबरदस्ती उतारकर आटो चालकों द्वारा सवारी और ई-रिक्शा चालको के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

शिकायत में कहा गया है कि बस स्टैंड धमतरी, सिहावा चौक, जिला अस्पताल, अंबेडकर चौक, कलेक्टोरेट, रूद्री तथा गंगरेल में आटो चालकों द्वारा सवारी नहीं बिठाने दिया जाता है। कोई सवारी बैठ गया तो जबरदस्ती उतारकर बदतमीजी की जाती है। सभी ई-रिक्शा चालक डीजल आटो चालकों की मनमानी और दादागिरी से परेशान और चिंतित हैं। इस रवैये से कभी भी कोई घटना या अनहोनी हो सकती है। जान-माल को नुकसान पहुंच सकता है।

इस संबंध में आटो चालक यूनियन के पदाधिकारी साहिल अहमद ने बताया कि आरोप बेबुनियाद है। आटो चालकों द्वारा कोई विवाद या मारपीट नहीं की जाती। बस स्टैंड के दोनों गेट के पास ई-रिक्शा खड़े किए जाते हैं। दुर्घटना को देखते हुए वहां रिक्शा खड़ा करने के लिए मना किया गया था।



### पंजीयन निरस्त करने की देते हैं धमकी

ई-रिक्शा चालक तेजराम साहू, तुलेश्वर, अशोक, सरोज, विष्णु आदि ने बताया कि बसस्टैंड धमतरी में आटो वाहन के लिए पार्किंग दी गई है। वहां पर ई-रिक्शा की पार्किंग नहीं करने दी जाती है। इसकी शिकायत आटो यूनियन से करने पर उनके द्वारा ई-रिक्शा का पंजीयन निरस्त करने की धमकी दी जाती है। इससे ई-रिक्शा चालक व्यथित हैं। ई-रिक्शा चालकों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से बस स्टैंड में पार्किंग सहित उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उचित कार्रवाई की मांग की है।

# चैन माउन्टेन मशीन पलटी, चालक की मौत

- दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम पालवाड़ी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मिट्टी खुदाई के काम में लगी चैन माउन्टेन मशीन के पलटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम पालवाड़ी मोड़ के पास चैन माउन्टेन मशीन से मिट्टी खुदाई का काम चल रहा है। गुरूवार की सुबह चालक गोपाल कटारे पिता मुरली उम्र 30 वर्ष निवासी भिन्ड मप्र चैन माउन्टेन मशीन से मिट्टी की खुदाई कर रहा था। इसी दौरान गियर लगाते समय मशीन अचानक जम्प कर अनियंत्रित हो गई। मशीन के पलटने से चालक नीचे दब गया। इस घटना में चालक गोपाल कटारे की मौत हो गई। सूचना पर दुगली पुलिस घटनास्थल पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिये शव को नगरी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।



# आत्मानंद स्कूल आमदी के छात्रों का भविष्य अधर में

- शिक्षकों की भर्ती नहीं होने से अब तक शुरू नहीं हो पाई पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में सरकार बदलते ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल का हाल बेहाल है। गुरूवार को आमदी स्थित आत्मानंद स्कूल के अभिभावकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अध्यापन कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल आमदी के पालक देवनारायण साहू, एम. देवांगन, उमाशंकर देवांगन, गणेश्वरी साहू, योगेन्द्र, तोरण, माहेश्वरी, ऋतु आदि ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि शासन के आदेशानुसार उनके बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर चुके हैं। पूर्व में अध्ययनरत स्कूलों से स्थानांतरण प्रमाण-पत्र निकालकर आत्मानंद स्कूल में जमा कर चुके हैं। स्कूल सत्र शुरू हुए 6 माह होने को हैं लेकिन अध्यापन कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। सभी प्रवेशित छात्रों का यह वर्ष शिक्षा के अभाव में खराब हो रहा है। पालकों ने कलेक्टर से शिक्षण कार्य तत्काल शुरू कराने की मांग की है।



पालकों से मिलने के दौरान कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के लिए 3 बार विज्ञापन निकाला जा चुका है लेकिन शिक्षकों की कमी बनी हुई है। इस बार अंतिम विज्ञापन निकलेगा। तत्पश्चात अन्य स्कूलों के शिक्षकों को स्थानांतरित कर अध्यापन कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

## विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए आवेदन 26 तक मंगाए

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवालीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 साल तक आयु के इच्छुक आवेदक 26 दिसम्बर तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साइज की फोटो जमा करना होगा। सुरक्षा गार्ड और सिलाई प्रशिक्षण के लिये शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और रिटेल (सेल्समेन) के लिए दसवीं पास तथा कम्प्यूटिंग पेरीफेरल (काम्प्यूटर हार्डवेयर) और डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर के लिए बारहवीं पास होना जरूरी है।

# प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का सप्लायर जल्द होगा बेनकाब

- जांच में जुड़ती जा रही है कई अहम कड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के खिलाफ बीते दिनों हुई छोटी कार्रवाई के बाद पुलिस ने इस अवैध कारोबार के सप्लायर तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहुत जल्द सप्लायर बेनकाब हो सकता है।

शहर व गली-मोहल्ले तथा ग्रामीण अंचल में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इस नशे की चपेट में ज्यादातर किशोर व युवा वर्ग आ रहे हैं। नशीली दवाइयों के कारोबार में संलिप्त सप्लायरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है जिसके कारण सप्लायर अपना नेटवर्क फैलाकर बेधड़क प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को अंतिम छोर तक पहुंचा रहे हैं। हालांकि बीते दिनों साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीली दवाइयों की खरीदी-बिक्री करने निकले तीन युवकों को विंध्यवासिनी वार्ड में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान तीनों के कब्जे से 10 पैकेट में 600 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद की थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।

सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने नशीली दवाइयों का जाल बिछाने वाले संलिप्त सप्लायरों तक पहुंचने का प्रयास तेज कर दिया है। इस जांच में लगातार कई कड़ी जुड़ती जा रही है। पुलिस बहुत जल्द नशीली टेबलेट के सप्लायर को बेनकाब करेगी।



### चैंबर आफ कॉमर्स ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

# नशेड़ियों से व्यापारियों में दहशत, कार्रवाई की मांग

- ट्रेफिक व्यवस्था बदहाल होने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी चैंबर आफ कॉमर्स ने नशेड़ियों द्वारा व्यापारियों पर हमला तथा शहर में ट्रेफिक व्यवस्था सुधार के लिए एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा है।

चैंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, सचिव दिनेश रोहरा, सहसचिव आलोक पांडे सहित कामर्स के सदस्यों ने गुरूवार को एसपी के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा है कि चैंबर आफ कॉमर्स ने 10 जुलाई 2023 को भेंटकर मुख्य विषय पर चर्चा की थी, जिसमें नशे को लेकर उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया गया था। आज भी शहर का युवा वर्ग नशे की चपेट में है। शहर में अपराध बढ़ता जा रहा है। नशे से हो रहे अपराधों का शिकार व्यापारी वर्ग हो रहा है। विगत पांच माह में कई घटनाएं सामने आई हैं। म्युनिस्पिल स्कूल के पास दुकान में घुसकर मारपीट की शिकायत 27 जुलाई को अमित जगमलानी ने की है। इसके बाद भी छिटपुट घटना होती रही है। गत दिनों योगेश गांधी, रामकुमार पान भंडार वाले पर हमला हुआ है। इसकी शिकायत व्यापारियों ने थाने में दर्ज कराई है। शहर में चाकूबाजी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग डरा सहमा हुआ है। नशे के खिलाफ बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।



### ट्रेफिक नियमों का पालन नहीं

चैंबर आफ कॉमर्स ने एसपी से एक अन्य शिकायत में कहा है कि शहर के सभी चौक में यातायात नियमों का पालन नहीं हो रहा है। समय से पहले यातायात पुलिस के नदारद हो जाने से ट्रेफिक नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। इस पर उचित निर्देश देकर पुलिस व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म 5 जनवरी तक भर सकेंगे

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में आनलाइन परीक्षा आवेदन प्रारंभ हो चुका है। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सत्र 2023-24 के लिए जीजामगांव महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।महाविद्यालय का कोड एवं केन्द्र क्र.414 है। कालेज कोड का चयन कर जीजामगांव कालेज के लिए नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व एवं पूरक छात्र आनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। प्रायोगिक विषय भूगोल एवं विज्ञान के लिए पंजीयन अनिवार्य है। बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म भरने की तिथि 15 दिसम्बर से 5 जनवरी निर्धारित है। विलंब शुल्क के साथ 6 से 13 जनवरी तक फार्म भर सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने दी है।

## निधन

### अब्दुल रहमान (राजू भाई)



**धमतरी।** धमतरी इंटर प्राईजेस (पेट्रोल पम्प) के संचालक अब्दुल रहमान (राजू भाई) 61 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसम्बर की शाम 4 बजे ढेबर आर्केट सिविल लाइन से मौदहापारा कब्रिस्तान के लिये निकलेगी। वे राशिद और रूही रहमान के पिता थे।

### हिरम बाई साहू



**मगरलोड।** ग्राम बेलरदोना निवासी श्रीमती हिरम बाई साहू का निधन 19 दिसंबर को हो गया। वे बिसाहू राम साहू की पत्नी व सुरेश साहू, बलदेव साहू की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### कचना में हमारा संकल्प विकसित भारत पर हुआ कार्यक्रम

# मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





ग्राम कचना में हमारा संकल्प विकसित भारत, संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंकज बोड़खे आब्जर्वर भारत सरकार, रामस्वरूप साहू भाजपा जिला मंत्री, आनंद यदु मंडल अध्यक्ष, पुरुषोत्तम चक्रधारी सरपंच, श्रीमती यशोदा साहू, सोहद्रा मनोज साहू सरपंच नवागांव, अनुभागीय अधिकारी कुरुद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद, भारत टण्डन, लीलाराम साहू, आत्माराम कुर्रे , चोवाराम साहू, भगवान दास साहू, युगराम साहू, केकचंद साहू, सोनसाय साहू, हीरासिंग साहू व सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

अतिथियों ने कहा कि जब से देश की बागडोर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्हाली है तब से देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। आम आदमी के कल्याण के लिए बहुत सारी योजना निकाली। इसका फायदा लोगों को मिल रहा है। 10 करोड़ परिवार की महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस सिलेंडर कनेक्शन दिये हैं। 4 करोड़ परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत पक्का मकान दिए हैं। 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत 5 लाख रुपए तक का फ्री में इलाज कराया गया। 13.5 करोड़ परिवार को जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत नल जल कनेक्शन दिया गया है। 80 करोड़ परिवार को गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ मिला। अन्तयोदय कार्ड वालों को 35 किलो व गरीब परिवार को 5 किलो प्रति व्यक्ति फ्री में चावल दिया जाता है। 50 करोड़ लोगों का जन-धन खाता खुलवाया गया है। 13 करोड़ लोगों का स्वच्छ भारत अभियान योजना अन्तर्गत शौचालय बनवाया गया है । 11.8 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत सालाना 6000 रुपए प्रदान की जाती है।

## बाबा ने छुआछूत को हटाने के लिए काम किया : परमेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

■ कुम्हारी में पंथी प्रतियोगिता का समापन

ग्राम कुम्हारी में तीन दिवसीय पंथी प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि परमेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद थीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के पूर्वजों ने औरंगजेब से भी लड़ाई लड़े थे। लोकसभा की पहली महिला सांसद मिनी माता थी जो सतनामी समाज की थीं। यह गौरव की बात है। घासीदास बाबा में अद्भुत शक्ति थी। उन्होंने छुआछूत को हटाने के लिए काम किया। मनखे मनखे एक समान, सत्य ही ईश्वर है, सत्य ही मानव का आभूषण है, का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज टंडन सरपंच ने की। मौके पर आरआई, पंच परदेसीराम यादव, मंच संचालक ईश्वर ध्रुव, दीपक, पवन सोनवानी, गैंदलाल, मनोज, रामा टंडन, धर्मेंद्र मारकंडे, भारत लाल समेत बड़ी तादाद में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने बनाए मूंगबड़ा, समोसा, पकोड़े सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



■ जोरातराई स्कूल में आंनद मेला का हुआ आयोजन

शासकीय हाईस्कूल जोरातराई (सिलौटी) के स्कूल प्रांगण में आनन्द मेला का आयोजन किया गया। सरपंच सविता गंजीर, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, दीपेश्वरी साहू, शाला विकास समिति के बिसौहा राम सहित ग्रामीणों ने बच्चों द्वारा बनाये व्यंजन को कूपन देकर चखा और खूब तारीफ की।

श्रीमती गंजीर ने कहा कि जीवन में सही मार्गदर्शन के लिए शिक्षक का होना बेहद जरूरी है। शिक्षकों की ही देन है कि बच्चों ने सुंदर कलाकृति व एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाये हैं। मेले में कुल 12 स्टाल लगाए गए थे जिसमें कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने गुपचुप, चाट, चाइनीज पकौड़ा, मूंगबड़ा, लिट्टी, समोसा, पकोड़े, भेल, पूड़ी सहित कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाये थे। शिक्षक राजेश मिश्रा ने कहा कि आनन्द मेला लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में टीम वर्क, मैनेजमेंट, लाभ-हानि, व्यवहार कुशलता, अनुशासन आदि को विकसित करना है।

आनंद मेला को सफल बनाने में प्राचार्य दयालु राम साहू, शिक्षकगण ओपी साहू, ओपी मिथिलेश, टीआर साहू, दीपिका यादव, श्रीमती दुर्गेश्वरी सोनबेर के अलावा खिलेश्वरी, लवी, सोनिया, साक्षी, भूमिका, केसर, ज्योति, मोहिनी, सिमरन, तामन, मुकेश, हेमशंकर आदि छात्र-छात्राओं का विशेष

**न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202312132000001 /अ-74/ वर्ष 2023-24
ग्राम भोथीपार प.ह.नं. 23 तह. भखारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा, भठेली का रा.प्र.क. 202312132000001/अ-74/2022-23 अनुसार आवेदक मरार (पटेल) समाज भोथीपार अध्यक्ष-छेदन लाल पटेल पिता फूलसिंग पटेल जाति मरार निवासी ग्राम भोथीपार तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम पंचायत भोथीपार में लगभग 75-80 घर का मरार परिवार निवासरत है। पटेल समाज द्वारा समाजिक भवन हेतु भूमि आरक्षित करने हेतु ग्राम पंचायत कुर्रा द्वारा प्रस्ताव पारित कर कार्यवाही बैठक की नकल सहित आवेदन पेश किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदक के आवेदन के संबंध में जिस व्यक्ति/सह खातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27.12.2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार भखारा**

## जब तक भेदभाव खत्म नहीं होगा तब तक समाज खुशहाल नहीं बन पाएगा : शारदा





■ खपरी एवं मड़ेली में आयोजित पंथी नृत्य प्रतियोगिता में जनपद अध्यक्ष ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

सतनामी समाज के तत्वाधान में बाबा गुरूघासी दास की 267वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम खपरी एवं मड़ेली में पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया । मुख्य अतिथि शारदा साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सतनाम पंथ एवं मनके मनके एक समान की विचारधारा के प्रवर्तक रहे बाबा गुरु घासीदास ने जनमानस में सत्य, प्रेम, करुणा, सामाजिक सद्भाव एवं एकता संदेश का दिया। समाज की एकता ही उसकी ताकत है। बाबा घासीदास ने जो सीख दी है उसका सभी पालन करें। सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव, अश्पृश्यता निवारण के लिए काम करते हुए बाबा ने सतनाम को प्रचारित कर सामाजिक चेतना का सूत्रपात भी किया।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने लोगों को सिर्फ सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी । उन्होंने अपने समय की सामाजिक, आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करने मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। आगे कहा कि जब तक भेदभाव खत्म नहीं होगा तब तक हमारा समाज खुशहाल नहीं बन पाएगा।

इस अवसर सरपंच लक्ष्मीनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चतुर्थ दिवस प्रातः जागरूकता रैली निकाली गई। प्रेरक उद्बोधन का वाचन किया गया। नव चेतना जागरण शिविर अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग योग प्रशिक्षक हिरेंद्र साहू ने स्वयंसेवकों को राम ध्यान, सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म व्यायाम का प्रशिक्षण दिया।

ग्राम में नशामुक्त भारत का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात ग्राम में साफ -सफाई की गई। बौद्धिक परिचर्चा समारोह के विशेष अतिथि जनककुमार हिड़को व्यवहार न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुरूद, दुलारसिह सिन्हा संचालक श्रीराम गौशाला सिलीडीह, शोभाराम यादव अध्यक्ष हाई स्कूल प्रबंधन समिति सिलीडीह, रामेश्वरी चक्रधारी, नेहा बैस थे। मुख्य अतिथि श्री हिड़को ने रासेयो छात्रों को भारतीय संहिता, दंड संहिता तथा भारतीय जनसंख्या के बारे में जानकारी दी। दुलारसिंह सिन्हा ने वृक्षारोपण, जैविक खेती और गौ माता के बारे में बताया। शोभाराम यादव ने नशा मुक्ति समाज पर जोर दिया।

## अंचल की खबरें

### कोकड़ी में मितानिनों का हुआ सम्मान



**सिर्री।** ग्राम पंचायत कोकड़ी (नारी) में मितानिन दिवस मनाया गया। ग्राम स्तर पर केंद्र व राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं को ईमानदारीपूर्वक निः स्वार्थ भाव से मितानिनों द्वारा पहुंचाया जाता है। इन्हीं सफल क्रियान्वयन के प्रोत्साहन हेतु ग्राम पंचायत कोकड़ी में कार्यरत मितानिन मालती साहू, यमुना यादव, सविता ध्रुव को श्रीफल और स्वेटर भेंटकर सम्मान किया गया। मौके पर सरपंच गायत्री थनेश ध्रुव, सचिव प्रेमलाल साहू, उपसरपंच सीता देवलाल साहू, रोजगार सहायक गजेंद्र साहू, पंचगण रुक्मणि, गायत्री, इंद्राणी, द्रौपदी, मानबाई, एस कुमार, डॉ नरेश, कृष्णानंद, संदीप ध्रुव, पुनुराम, नंदनी साहू, गोविंद साहू, दानीराम उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने देखा मैत्री बाग व बड़े तरिया



**कुरुद।** जे. अचीवर्स पब्लिक स्कूल कुरूद एवं मगरलोड द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों में जैव विविधता की समझ विकसित करने उन्हें एक दिवसीय पिकनिक पर भिलाई के मैत्री बाग और छत्तीसगढ़ी के नवीनतम पर्यटन स्थल बड़े तरिया कुम्हारी ले जाया गया। छत्तीसगढ़ के सभी पर्यटन स्थलों का आकर्षक प्रदर्शन लेजर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चे, 10 शिक्षक तथा लगभग 10 पालकगण भी शामिल रहे। कार्यक्रम में संचालक द्वय मनोज चंद्राकर, दिव्या चंद्राकर, शिक्षकगण ऐश्वर्य साहू, आशा मिश्रा, सावित्री सोनी, लोकेश्वरी सिन्हा, किरण साहू, थानेश्वर साहू, चांदनी देवांगन, यामिनी साहू का विशेष सहयोग रहा। आशाराम निषाद, योगेश साहू, युवराज साहू, खिलेश खुंटे, भुनेश्वरी सेन आदि भी शामिल रहे।

### ठंड से बचने लोग ले रहे अलाव का सहारा



**अंवरी।** शीतलहर ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों की स्थिति गंभीर नजर आ रही है। ठंडी हवाओं के कारण सुबह के साथ ही रात में भी ठिठुरन बढ़ने लगी है। शीतलहर के हालात बन गए हैं। कुछ क्षेत्र में सुबह कोहरे का असर भी दिखाई पड़ता है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ठंड काफी पड़ रही है। ठंड बढ़ने से नगर भखारा भठेली में लोगों को अलाव तापते भी देखा जा रहा है। इन दिनों ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों की खरीदारी भी बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जबरदस्त कारोबार की उम्मीद हुई है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से लगातार ठंड बढ़ रही है। कड़ाके की ठंड ने सबको अपने आगोश में ले लिया है।

### जैव विविधता पर हुई व्याख्यानमाला



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन एवं प्रो.कौशल नायक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र विभाग के संयोजन में 'जैव विविधता' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला के मुख्य वक्ता प्रो. ओपी चांदे सहायक प्राध्यापक (वनस्पतिशास्त्र) शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी थे। श्री चांदे ने जैव विविधता का महत्व और आस-पास की वनस्पतियों को तथा जीवों को किस प्रकार बचाना चाहिये, इस बिन्दु पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो.कौशल नायक ने उनके गुणों को बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट ,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरूण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
22 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
**कासलीवाल ब्रिक्स**
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर



प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

### मेंडरका में हुई पंथी नृत्य प्रतियोगिता

# युवाओं ने पंथी नृत्य कर बनाया जैतखाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम मेंडरका में प्रथम बार सतनामी समाजजनों के सहयोग से दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता रखी गई। अतिथि मालकराम साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू समाज, कृष्णकांत साहू विधायक प्रतिनिधह, थानेश्वर साहू मौरीखुर्द शक्ति केन्द्र संयोजक भाजपा मौजूद रहे।

मालक साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी समाज को संत गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। युवाओं ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति की। स्पर्धा में लगभग 20 मंडलियों ने भी भाग लिया। स्पर्धा के निर्णायक नाहरु बंजारे, रामानंद बंजारे, कामताराम बंजारे, विष्णुराम मार्कण्डेय, पवन बंजारे, तोरण बंजारे, हिरामन जोशी, पारथ भारती, कामदेव बंजारे, रामकुमार मारकंडे थे। मौके पर सामाजिक पदाधिकारी अनुज लहरे अध्यक्ष, आनंद बंजारे उपाध्यक्ष, रमिण मारकंडे सचिव, देवीदयाल बारले कोषाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ से किशोर मारकंडे अध्यक्ष, भागीरथी बंजारे उपाध्यक्ष, चंद्रहास बंजारे कोषाध्यक्ष, भीषम मारकंडे सचिव, अजय मारकंडे, यशकुमार, विजय संरक्षक, अनीश मीडिया प्रभारी, हेमकुमार, डुमन, मुकेश, लालजी, गोस्वामी, देवचरण, हिरेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

## अंचल की खबरें

### 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस



- उपायुक्त सार्वा ने अटल संध्या की तैयारी को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों से की चर्चा

**धमतरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों में मनाई जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में सुशासन दिवस मनाने दिशा निर्देश जारी किया गया है। आयुक्त विनय कुमार के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा ने निगम के अधिकारी-कर्मचारी के साथ सुशासन दिवस 25 दिसंबर की शाम आयोजित होने वाली अटल संध्या के संबंध में चर्चा की। अटल संध्या पर कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा एवं अटल की जीवनी पर प्रदर्शनी आयोजन करने की तैयारी है। आयुक्त विनय कुमार ने सुशासन दिवस के आयोजन की तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किया।

### खम्हरिया में 23 को आयुष मेला

**सांकरा।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में शनिवार को युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण साहू समाज खम्हरिया के तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क विकासखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा जिसमें वात रोग, गठिया वात, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर , मासिक धर्म, चर्म रोग, पथरी, ब्लड प्रेशर, लकवा सहित विभिन्न लोगों का इलाज आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से किया जाएगा साथ ही साथ औषधि वितरण, होम्योपैथी परामर्श , आयुर्वेद परामर्श, सहित काढ़ा का वितरण किया जाएगा। शिविर प्रभारी तथा युवा प्रकोष्ठ ने लोगों से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### स्वस्थ बालक-बालिका का हुआ सम्मान



**सांकरा।** ग्राम पंचायत खम्हरिया के आंगनबाड़ी केंद्र में माह के तीसरे गुरुवार को सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। स्वस्थ बालक रियांश पिता लोमेश निषाद एवं रुचिता पिता खिलेश्वर साहू का सम्मान किया गया। बच्चों का वजन, ऊंचाई पालकों की देखभाल से बढ़ा। कार्यक्रम में माहेश्वरी साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गर्भवती भुवनेश्वरी निषाद, योगेश्वरी निर्मलकर, नीतू ग्वाल, जागिता ध्रुव, रुक्मणि साहू, शिशुवती ललिता निर्मलकर, टिकेश्वरी साहू, संतोषी ग्वाल तथा मैना साहू, नंदनी साहू, झनक बाई, सुखबती, पूनम, देवकुंवर, नंदिनी, भोलेश्वरी, सुकारो, भारती, उमाबाई, जानकी बाई मितानिन उपस्थित थीं।

### खरतुली में रासेयो शिविर का समापन



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत खरतुली में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शनिवार को शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह के अतिथि सरपंच दिनेश सिन्हा, तामेश्वर सिन्हा, चंदूलाल साहू, लीलेश्वर साहू, भूपत साहू, फलेंद्र सिन्हा ने स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रोली जांगड़े, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दानेश्वर साहू को छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र व श्रीफल से एवं शिविर नायिका तब्बू पटेल को श्रीफल से युवा स्टार समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

### महात्मा गांधी, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव को किया नमन



**धमतरी।** 21 दिसंबर 1920 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का ग्राम कण्डेल में नहर सत्याग्रह के लिए आगमन हुआ था। यह उनका छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन था। इस ऐतिहासिक दिन को याद रखने और भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, नहर सत्याग्रह के प्रणेता की मूर्ति पर गांधीवादी विचारक गुहाराम कमलवंशी, पुष्पा नेताम सरपंच कंडेल, रामाधार साहू जनपद सदस्य, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के प्रपौत्र यतीश भूषण श्रीवास्तव, प्रीतम साहू मण्डल महामंत्री भाजपा ने माल्यार्पण किया और पूजा-अर्चना की। मौके पर पीताम्बर सिन्हा प्रोफेसर महाविद्यालय कंडेल, संतोष साहू व्याख्याता, कामता मच्छेन्द्र वरिष्ठ नागरिक, डोमेश्वर साहू, शिवराम साहू, बिसम्बर साहू, रवि साहू, गिरीश साहू, संतोष साहू समेत कालेज के छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित थे।

बस स्टैण्ड में लगी यातायात जागरूकता पाठशाला

# यातायात पुलिस ने किया स्कूली बसों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





स्कूली बसों से आवागमन करने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए यातायात पुलिस ने स्कूली बसों का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहीं जागरूकता के लिए बस स्टैण्ड में पाठशाला भी लगाई गई।

यातायात पुलिस ने गुरूवार को छात्र-छात्राओं को स्कूल लाने ले जाने वाली स्कूली बसों का शहर के प्रमुख मार्ग अंबेडकर चौक, सिहावा चौक व रत्नाबांधा चौक के पास निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल बस में फर्स्ट एड बाक्स, इमरजेंसी गेट, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, वाहनों के दस्तावेज व वाहन चालकों की चेकिंग की गई। चालकों को वाहन को निर्धारित गति में चलाने, ओव्हरटेक नहीं करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा ऑटो, ई-रिक्शा, बस चालकों, पीजी कालेज के एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने बस स्टैण्ड में यातायात जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए कहा गया। इस दौरान पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के संबंध में वीडियो दिखाकर दुर्घटना से बचाव की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा, एसआई खेमराज साहू, एएसआई चन्द्रशेखर देवांगन, सुरेश नेताम, रामकृष्ण साहू, बोधन ध्रुव, प्र.आ. उत्तम साहू, जितेन्द्र कृदत्त, आरक्षक धर्मेन्द्र जांगड़े, एनसीसी कैडेट नीलिमा, वंदना ध्रुव, जागृति, कीर्ति साहू, वैष्णवी शर्मा, मुस्कान, दिव्या एवं लगभग 50 वाहन चालक उपस्थित थे। यातायात पुलिस ने आमजनों से ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

## निजी विद्यालयों में चल रही धर्म विशेष प्रार्थना को बंद करने की मांग



विहिप ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शहर के कुछ स्कूलों में जहां हिन्दू बच्चे अध्ययन करते हैं, वहां बच्चों एवं उनके पालकों की इच्छा के विरूद्ध उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए धर्म विशेष की प्रार्थना और गीत गवाया जाता है जो अनुचित है। ऐसी प्रार्थना को शीघ्र बंद कराया जाए।

उनका कहना है कि प्रार्थना के माध्यम से हिन्दू बच्चों एवं परिवार को धर्मांतरित कराने का घिनौना षडयंत्र रचा जा रहा है। इससे समाज में अराजकता फैल रही है। विहिप बजरंग दल एवं हिन्दू संगठन ने शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपकर ऐसी प्रार्थना को तत्काल बंद कराने की मांग की है। इस अवसर पर रामचन्द्र देवांगन, डागेश्वर साहू, चितरेश साहू, राहुल मेश्रा, पीयूष साहू, रंजीत साहू, गणेश सिन्हा, नामन देवांगन, आकाश फुटान आदि मौजूद थे।

## बजरंग दल आज निकालेगा शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बजरंग दल द्वारा आज शुक्रवार को 9.30 बजे शौर्य दिवस कार्यक्रम रखा गया है। जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि बिलाई माता मन्दिर से घड़ी चौक तक शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। श्री देवांगन ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा लगातार संघर्ष करते हुए हजारों लाखों बजरंगी के बलिदान के बाद बाबरी ढांचा को गिराया गया था। ढांचा गिराने के अलावा पूरे देश में राम मंदिर निर्माण के लिए लगातार बजरंगियों ने संघर्ष किया और आज 500 वर्षों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद 22 जनवरी 2024 को भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसी तारतम्य में बाबरी मस्जिद गिराने वाले बजरंगियों के पराक्रम को याद करते हुए बजरंग दल धमतरी द्वारा शौर्य यात्रा निकाली जी रही है।



# साकेत द्वारा लिखित वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो में रिलीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




धमतरी के साकेत शर्मा और स्वर्णदीप बिश्वास द्वारा लिखित वेब सीरीज फ्लेम्स सीजन-4 अमेजन प्राइम वीडियो में रिलीज हुआ है। धमतरी के कलाकार इस वेब सीरीज का एक बड़े प्लेटफार्म पर रिलीज होने से खुश हैं।

फ्लेम्स वेब सीरीज की कहानी स्कूल और कोचिंग वाले प्यार पर आधारित है। द वायरल फीवर निर्मित इस वेब सीरीज के तीन सीजंस को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। फ्लेम्स के पिछले सीजन में टीनेज रोमांस के साथ दोस्ती और इमोशन से भरपूर कहानी नजर आई थी। चौथे सीजन के रिव्यू भी अच्छे हैं। इसका पहला तीन सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। फ्लेम्स के सीजन-4 की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां तीसरा सीजन खत्म हुआ था। इस सीजन में रजत, इशिता, पांडु और अनुशा बारहवीं में हैं। ये चारों इस सीजन में जिंदगी की नई चुनौतियों से निपटते हुए नजर आ रहे हैं। ये चुनौतियां इन सभी के रिश्तों को समय के साथ पहले से भी ज्यादा मैच्योर बनाती हैं। साथ ही वे पढ़ाई के प्रेशर के साथ अपने परिवार वालों की उम्मीदों के बीच संघर्ष करते हैं। साकेत शर्मा ने इससे पहले जी-5 के हिट शो द आम आदमी भी लिख चुके हैं। वे भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई धमतरी के नूतन स्कूल एवं मॉडल स्कूल से की है।

# पचपेड़ी के बाल वैज्ञानिकों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)




शाउमावि पचपेड़ी के छात्रों ने प्राचार्य रविंद्र कोसरे के नेतृत्व में विज्ञान क्लब और गणित क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान और गणित की अवधारणाओं पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी आयोजित कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों द्वारा कुल 23 मॉडल निर्मित किए गए। इसमें कक्षा नवमीं से बारहवीं के छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन में साहूकार साहू व्याख्याता रसायन, बसंत साहू व्याख्याता गणित, प्रदीप मानिकपुरी और जानकी वर्मा व्याख्याता जीव विज्ञान तथा हेमेंद्र मेश्राम विज्ञान सहायक का विशेष सहयोग रहा।

बाल वैज्ञानिकों द्वारा बनाई गई वैक्यूम क्लीनर, न्यूरान, स्मार्ट व्हीलचेयर, वाटर हार्वेस्टिंग तथा पाइथागोरस प्रमेय पर आधारित मॉडल का श्रेष्ठ पांच मॉडल के रूप में चयन किया गया। प्रदर्शनी में श्रेष्ठ पांच मॉडल और श्रेष्ठ पांच प्रस्तुतिकरण करने वाले छात्रों का चयन कर संस्था प्राचार्य द्वारा उनको पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य श्री कोसरे ने छात्रों के मन में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने की दिशा में विज्ञान प्रदर्शनी के कार्य को सराहनीय बताया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, मेघराज साहू, कमलेश कंवर, हरिश्चंद्र पटेल, मिथिलेश सिन्हा, पारसमणि साहू, व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद, जेआर साहू, पुष्पलता ठाकुर, मीना सिन्हा और प्रमिला बारले उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : उमेश



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती के दिन से प्रारंभ हुई। धमतरी जिले में ग्राम बिंद्रा नवागांव से यह यात्रा प्रारंभ हुई। इसी क्रम में ग्राम जवरगांव में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू थे। उनके साथ महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकला पटेल, महामंत्री मोनिका देवांगन, मीडिया प्रभारी संगीता जगताप, धर्मराज सिन्हा, उमेंद्र सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी अशोक सिन्हा, भोलाराम साहू उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने कहा कि आज भी ग्रामीणों को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी नहीं है।

केंद्र सरकार की योजनाएं खास कर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के साथ सामान्य वर्ग के परिवारों के लिए लाभकारी है। इन योजनाओं से लोगों का जीवन आसान हो गया है। लोग आगे बढ़ने के सपने देखने लगे हैं। मजदूर भी एक पक्का मकान के बारे में सोचने लगा है। उन्होंने ग्रामवासियों से केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### भटगांव में कृष्णा कथा कल से

**धमतरी।** संगीतमय श्रीकृष्ण कथा महोत्सव का आयोजन 23 से 27 दिसंबर तक राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण मेन रोड भटगांव में किया गया है। कथाव्यास पंडित सुरेश पांडेय होंगे। आयोजक बालमुकुंद चरणारवृंद सेवा परिवार एवं ग्रामवासियों ने बताया कि पहले दिन वेदी स्थापना, गौरी-गणेश पूजा, कृष्ण कथा महात्म्य, भक्त भगवान की महिमा का बखान होगा। 24 दिसंबर को शिव चरित्र, रामावतार, कृष्णजन्म की कथा होगी। 25 दिसंबर को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, कंसवध, रूक्मणह विवाह, 26 दिसंबर को सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण स्वधामगमन, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, तुलसी समर्पण, 27 को गीता प्रवचण, यज्ञ, पूर्णाहुति, कपिला तर्पण होगा।

### निगम स्कूल में गीता जयंती आज

**धमतरी।** श्री गीता सद्भावना समिति के तत्वावधान में 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे नगर पालिका निगम स्कूल के प्रांगण में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता होगी। डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि गीता जयंती का स्कूल में आयोजन करने का उद्देश्य छात्रों के बीच गीता की शिक्षा का प्रचार प्रसार करना है। वास्तु संस्कारों को बढ़ावा देना है।

### सौराबांधा में शिव महापुराण 9 जनवरी से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम सौराबांधा (सिलौटी) में 9 से 15 जनवरी तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन पल्टूराम मेश्राम एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पं. होमेन्द्र प्रसाद दुबे सुरगी राजनांदगांव वाले होंगे।

## मगरलोड में शिव पुराण सप्ताह 24 से



**मगरलोड।** जय बजरंग बली सेवा समिति नगर पंचायत मगरलोड के तत्वाधान में ठाकुर घाट नाला किनारे शिव मंदिर प्रांगण में 25 से 30 दिसंबर तक शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन 24 दिसंबर को कलश यात्रा, देव आव्हान, शिव महत्तम की कथा, 25 दिसंबर को शिव कथा प्रारंभ, शिवलिंग की उत्पत्ति, नारद अभियान, गुणनिधि की कथा, कुबेर चरित्र, माता सती चरित्र , 26 दिसंबर को सती देह त्याग, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 27 दिसंबर को शिव पार्वती बिहार, स्वामी कार्तिक, गणेश,अशोक सुंदरी का चरित्र एवं गणेश विवाह , 28 दिसंबर को अंधकासुर की कथा, शिव भक्त परशुराम, रावण की कथा, वृंदा, जालंधर प्रसंग, शख चुड़ वध, 29 को गजासुर वध, भस्मासुर की कथा, वानासुर कथा , 30 दिसंबर को नंदी अवतार, हनुमान जन्म, द्वादश ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति पश्चात हवन पूजन के साथ कथा का समापन किया जाएगा। कथावाचक पंडित रवि प्रसाद दुबे नगर पुरोहित नगर पंचायत मगरलोड होंगे। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# अयोध्या से आए अक्षत कलश की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में 500 सालों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी 2024 को श्री रामजी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इसके लिए पूरे देश भर में आमंत्रण के लिए अक्षत चावल और आमंत्रण पत्र भिजवाया गया है।

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रान्त में भी अयोध्या से अक्षत कलश भिजवाया गया है। राम जानकी मठ मंदिर धमतरी में पूजा- अर्चना और मंत्रों से अभिमंत्रित कर सभी विकास खण्डों में भिजवाया गया। इसे लाने के लिए विकासखंडों से प्रखंड मंत्री रवि साहू मगरलोड, राजेंद्र साहू सहजिला मंत्री कुरुद, गोकुल देवांगन नगरी से, धमतरी से दिलीप साहू प्रखंड मंत्री विहिप के साथ अनेक कार्यकर्ता धमतरी पहुंचे। मठ मंदिर प्रांगण में मंत्रोचार हवन-पूजन कर अभिमंत्रित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकालकर मठ मंदिर प्रांगण से पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर तक लाया गया और विकास खण्डों में भिजवाया गया जहां से सभी गांव तक पहुंचाया जायेगा। फिर प्रत्येक घर तक भगवान राम का आमंत्रण पहुंचाया जायेगा

जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि 500 सालों के संघर्ष के बाद आज राम लला मन्दिर का निर्माण पूरा देश देख रहा है। बजरंगी के शौर्य को रामलला मन्दिर के रूप में पूरा देश हमेशा याद रखेगा। भगवान राम के प्रति भक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राम भक्तों की टोली घर-घर तक पहुंच रही है। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी रामभक्तों द्वारा अयोध्या का आमंत्रण देश के प्रत्येक हिन्दू तक पहुंचाया जायेगा।

शोभायात्रा में घनश्याम साहू विभाग सह कारवाह, जिला मंत्री रामचंद देवांगन विश्व हिंदू परिषद, चित्रेश साहू नगर संयोजक, दिलीप सोनी, महेंद्र पंडित, चंद्रकला पटेल, सरोज देवांगन मातृ शक्ति नगर संयोजिका, दिलीप साहू प्रखंड मंत्री, रवि साहू प्रखंड मंत्री, राजेंद्र साहू सह जिला मंत्री, पोषण साहू खण्ड कारवाह, गोकुल देवांगन नगरी संघ चालक, विनय जैन, कुणाल सोनकर, सनत साहू प्रखंड अध्यक्ष, इंद्र कुमार, डिकेश साहू खण्ड संयोजक, गौरव गोयल समेत शहर के गणमान्य नागरिक शामिल थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645


मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश की शोभायात्रा आज

**धमतरी।** अयोध्या रामजन्म भूमि से भगवान श्रीराम जी का अक्षत




कलश का धमतरी आगमन हो गया है। अक्षत कलश के साथ भव्य शोभायात्रा 22 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे मठ मंदिर से धमतरी की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर तक निकाली जाएगी। आयोजक मंडल ने सभी रामभक्तों से इस शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### तेन्दूकोना में मड़ई 9 जनवरी को

**धमतरी।** ग्राम तेन्दूकोना अछोटा में 9 जनवरी मंगलवार को मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचेकोड़हा जिला राजनांदगांव का आयोजन होगा। यह जानकारी ग्राम पटेल चिंताराम नेताम व ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश नेताम ने दी है।

### सिवनीकला में घासीदास जयंती मड़ई 23 को

**सिर्री।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संत



शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम सिवनीकला में 23 दिसम्बर शनिवार को जयंती मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें पंथी नर्तक दल ग्राम गोबरा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। रात्रि में लोक कलाकार श्रीमती भगवती टांडेश्वरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील सतनामी समाज ने की है।

### लेखा समाधान बैठक 29 को

**धमतरी।** विधानसभा निर्वाचन के तहत प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा दाखिल निर्वाचन व्यय लेखे पर निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के अधीन संवीक्षा रिपोर्ट तैयार करने के लिये लेखा समाधान बैठक 29 दिसम्बर को रखी गई है। यह बैठक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। विधानसभा क्षेत्र सिहावा, कुरूद और धमतरी के अभ्यर्थियों को इस बैठक में निर्वाचन व्यय लेखा के लेखा समाधान के लिए व्यय प्रेक्षक, जिला अनुवीक्षण समिति, सहायक व्यय प्रेक्षक दल, व्यय लेखा दल के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा, सभी बिल व्हाउचर, बैंक पासबुक, बैंक स्टेटमेंट एवं संबंधित दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने निर्वाचन एजेंट की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा कहा गया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए नामांकन 2 तक

**धमतरी।** प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिये शासन द्वारा वर्ष 2023 हेतु राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इसके लिये योग्य बालक-बालिका वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में अंग्रेजी में भरा हुआ आवेदन 2 जनवरी तक जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे बालक, बालिका जो अपनी जान की परवाह किये बिना दूसरे की जान बचाने के लिए वीरता का कार्य किया हो और उनकी आयु 18 साल से अधिक नहीं हो, वे इस योजना में भाग ले सकते हैं। इसके अलावा विचाराधीन वर्ष के लिये पुरस्कार हेतु पूर्व वर्ष की एक जनवरी से आवेदन की तिथि के पूर्व तक घटित कार्य घटना विचारणीय होगी। दो पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटोग्राफ्स और सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित चार अतिरिक्त फोटो आवेदन के साथ जमा करना होगा।

सांसद कल्याण बनर्जी और राहुल गांधी का पुतला फूंका

# उपराष्ट्रपति पर अभद्र टिप्पणी से भड़के भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मिमिक्री बनाकर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को गांधी चौक मैदान में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की।

इस मौके पर भाजपाइयों ने कहा कि विपक्ष का व्यवहार गलत है। उपराष्ट्रपति को अपशब्द कहने का कोई अधिकार विपक्ष को नहीं है। इसका खामियाजा विपक्षी पार्टियों को



2024 के लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि उन्होंने न सिर्फ उपराष्ट्रपति का बल्कि पूरे देश का अपमान किया। बता दें कि बीते दिनों विपक्षी सांसदों के निलंबन के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी थी। जिसका वीडियो सांसद राहुल गांधी को बनाते हुए दिखाया गया है। इसकी सर्वत्र निंदा हो रही है। उपराष्ट्रपति पर अशोभनीय टिप्पणी निंदनीय है। भाजपा नेताओं का कहना है कि विपक्ष ने हमेशा से ही संसद और संवैधानिक गरिमा प्राप्त हस्तियों का माखौल उड़ाया है। उन्होंने इस देश के जाट समाज का मजाक उड़ाया है। इससे पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू पर अभद्र टिप्पणी की गई। नरेंद्र मोदी पर जातिगत अभद्र टिप्पणी की गई। विपक्ष का यह कृत्य बताता है कि आज वे मुद्दाविहिन हो गया है।

इस अवसर पर अर्चना चौबे, श्यामा साहू, बीथिका विश्वास, सुशीला तिवारी, दमयंतीन गजेंद्र, रितिका यादव, सरितायादव, अवनेंद्र साहू, विजय साहू, हेमंत चंद्राकर, शरद चौबे, देशांत लोढ़ा, कैलाश सोनकर, देवेश अग्रवाल, सूरज शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, प्रकाश सिन्हा, सुभाष चंद्राकर, बाबा साहू, अमित अग्रवाल, राम सोनी, कृष्णा हिरवानी, यश गांधी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टमाटर की लाली पड़ी फीकी, थोक में 8 रूपये किलो हुआ दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाजारों में इन दिनों टमाटर को वाजिब दाम नहीं मिल रहा है इसलिए टमाटर उत्पादक किसान परेशान हैं। माह भर से टमाटर चिल्हर में 10 से 15 रूपये किलो बिक रहा है। वहीं थोक की बात करें तो टमाटर थोक मंडी में 7 से 8 रूपये प्रति किलो बिक रहा है। इस रेट को किसानों ने घाटे का सौदा बताया है।

कृषक नारायण पटेल, तोषण पटेल ने बताया कि टमाटर उत्पादन के लिए बुआई से लेकर तुड़ाई और परिवहन में जितना खर्च आता है, उतनी कीमत किसानों को नहीं मिल रही है।



बाजार में फिलहाल लोकल बाड़ी से टमाटर की भरपूर आवक हो रही है। मांग नहीं होने से रेट कम है। ठंड के कारण प्रति सप्ताह दो बार तुड़ाई होती है। दूसरे जिले से भी टमाटर की बंपर आवक हो रही है।

# धमतरी में कार्मोरेंट पक्षी पर जुल्म, 200 से ज्यादा की मौत

- पेड़ को काटने से वनविभाग से नहीं ली गई परमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सदर बाजार स्थित 150 साल पुराने पीपल वृक्ष को काटकर गिरा देने से यहां पल रहे 200 से ज्यादा कार्मोरेंट पक्षियों की मौत हो गई। पीपल पेड़ को काटने से पहले वन विभाग एवं राजस्व विभाग से परिमशन भी नहीं ली गई है। जबकि पेड़ काटे जाने की प्रक्रिया पांच घंटे तक चली। अब इस इलाके में रह रहे लोगों की खामोशी पर सवाल उठ रहे हैं।

पीपल पेड़ काटने के लिए मोटराइज्ड सॉ मशीन और क्रेन की मदद ली गई। इस कार्यवाही से पक्षियों के सैकड़ों घोसले और अण्डे नष्ट हो गए। पक्षियों के चूजों की मौत हो गई। इस घटना के बाद वन, राजस्व एवं निगम की टीम इस मामले से पल्ला झाड़ रही हैं। आखिरकार पीपल के पेड़ को किसने काटा। किसकी परमिशन से पेड़ काटा गया। पेड़ काटने वाले





कहां छिप गए हैं। अभी तक उनकी पहचान क्यों नहीं हुई। यह बात अब सवालों के घेरे में है।

पक्षियों की मौत को वाइल्ड लाइफ ने संज्ञान लिया है। वन विभाग अब इस केस की जांच में जुट गया है। इस मामले का सबूत और आंकड़े आने के बाद केस दर्ज हो सकता है। वन विभाग की तरफ से जांच टीम गठित करने के बाद लोगों में कार्रवाई की उम्मीद जागी है कि आखिर पीपल पेड़ को क्यों काटा गया।

# सरिया के स्ट्रक्चर में दबने से मजदूर की मौत, दूसरा घायल

**कोटरवाही की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिक्सलेन रोड निर्माण में पुल बनाने लगाए जा रहे हैवी सरिया का जंगला अचानक नीचे गिर गया। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दुगली क्षेत्र में भारत माता परियोजना के तहत विशाखापट्नम तक सिक्सलेन रोड निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरवाही में पुल निर्माण का कार्य जारी है। पुल की ढलाई के लिए हैवी स्ट्रक्चर तैयार कर सरिया का जंगला खड़ा किया जा रहा है। रोजाना की तरह गुरूवार को भी मजदूर काम में जुटे हुए थे। इस दौरान स्ट्रक्चर गिर गया जिसके कारण हैवी सरिया भी भरभरा कर गिर गया। इस दौरान काम में मजदूर अमरिका महतो पिता रामसकल उम्र 58 वर्ष व उसका भाई बच्चा महतो सहित अन्य मजदूर लगे हुए थे। सरिया के गिरने से मजदूर अमरिका महतो



नीचे दब गया। वही बच्चा महतो भी घायल हो गया। दोपहर में दोनों को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद अमरिका महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। गुरूवार की शाम तक चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली थी लेकिन समय ज्यादा हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।



### अमलीडीह में श्रीमद भागवत महापुराण 23 से

**कोर्रा(भखारा)।** राधारानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम अमलीडीह (कुर्रा) में श्रीमद भागवत महापुराण कथा महोत्सव 23 से 31 दिसंबर तक किया गया है। कथा व्यास वासुदेव तिवारी महाराज अरकार बालोद होंगे।

# बाल मेले में भेल, गुपचुप, मोमोस के लगाए स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में बाल मेला उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन गोली-चम्मच, मेंढक दौड़, सुई धागा, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़ और फुगड़ी का खेल हुआ। तात्कालिक भाषण, सुलेख एवं ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दूसरे दिन बाल मेला में बच्चों ने भेल, गुपचुप, मोमोस, पोहा और तरह-तरह के स्टॉल लगाए। ग्राम की महिलाओं ने स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सरिता सिन्हा, रीना सिन्हा, प्रेमलता



मीनपाल, कविता सिन्हा, गंगा सारथी, जानकी सिन्हा, हेमलता ध्रुव, संध्या ध्रुव, कौशिल्या ध्रुव, चमेली ध्रुव, रूपा सेन, अमेरिका बाई, टिकेश्वरी साहू, लता सिन्हा, उपाध्यक्ष गंगा सारथी, शिक्षाविद मोहित कुमार ध्रुव, शाला के प्रधानपाठक एवं समस्त शिक्षक मौजूद थे।

# घासीदास जयंती पर हुई नृत्य प्रतियोगिता, 26 पंथी पार्टी ने दी प्रस्तुति



प्रथम पुरस्कार जय सतनाम अमृत धारा पंथी पार्टी राहुद को मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सतनामी समाज कल्याण समिति द्वारा सतगुरु घासीदास बाबा के जन्मदिन पर तीन दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता जोधापुर धमतरी में की गई। इस आयोजन में 26 पंथी पार्टी शामिल हुई, सबने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक नन्दकुमार बंजारे, राधेश्याम टन्डन, शंकरलाल गहरवार, गिरवर टंडन, नवीन टंडन थे। प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये गिरवर टंडन द्वारा स्व. हरीश टंडन की स्मृति में जय सतनाम अमृत धारा पंथी पार्टी ग्राम राहुद जिला बालोद को एवं दूसरा पुरस्कार 7001 रुपये अंजु मनीष कोसरे द्वारा स्व. महन्तराम एवं स्व. श्रीमती सुखबाई बंजारे की स्मृति में जय सतनाम पंथी पार्टी ग्राम दतरेंगा रायपुर को एवं तृतीय पुरस्कार संध्या मनोज खरे द्वारा स्व. भरोसा राम खरे की स्मृति में जय सतनाम मधु बालिका पंथी पार्टी पांडेटोला राजनांदगांव को प्रदान किया गया। 1500-1500 की राशि सत्य के अंजोर पंथी पार्टी रेंगाकठेरा गुंडरदेही, ज्ञान के अंजोर पंथी पार्टी ग्राम छाती और रुनझुन बालिका पंथी पार्टी नवागांव कंडेल को दी गई। यह पुरस्कार समिति के रमेश लहरे ने प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सतनाम सम्पूर्ण सृष्टि का अजर अमर नाम है जिसके उच्चारण मात्र से सांसारिक जीवन की सारी बाधाएं दूर होती हैं। मंच संचालन दिलीप रात्रे ने किया।

इस कार्यक्रम में समिति के सचिव भूषण कोसरे, परमेश्वर ढीढी, संदीप बांधे, आशीष रात्रे, अशोक लहरे, डोमन चंदेल, बाबा डहरिया, शनि, आशु डहरिया साहिल, सौरभ टंडन, देवा डहरिया, गोल्डी, रवि डहरिया, जतिन, राजा, विशाल, अमन मार्कण्डे, पीलू, अनीस, अमन बघेल, चंदन भारती, विरेंद्र चंदेल, आकाश टंडन, ऋषभ लहरे, महेंद्र बंजारे, अभी, यश, पूर्वा, आयुष, बीरू गहरवार, रवि चंदेल, आदर्श, योगेश कोशरे, मंजू रात्रे, योगेश जांगड़े, मिथिलेश राहुल, सचिन, सत्तू का सहयोग रहा।









